Need to establish a Kendriya Vidyalaya and a Skill Development Centre in Phulpur Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.-laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** फूलपुर, विशेषकर फाफामऊ और उससे सटे ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी इलाके,युवाओं की एक बड़ी आबादी का केंद्र हैं ।यहाँ के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, किंतु संसाधनों के अभाव में उनकी प्रतिभा को सही दिशा नहीं मिल पा रही है । मेरी प्रमुख मांगें हैं: (1) केंद्रीय विद्यालय की स्थापना: केंद्र सरकार के कर्मचारियों और बड़ी संख्या में मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे रहते हैं । यहाँ केंद्रीय विद्यालय न होने के कारण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा के लिए प्रयागराज शहर या दूरदराज के इलाकों में जाना पड़ता है । नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना यहाँ के शैक्षिक स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी; (2) आधुनिक कौशल विकास केंद्र आज का युग तकनीक और कौशल का है । फूलपुर के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन आधुनिक उद्योगों की मांग के अनुरूप उन्हें प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है । अतः यहाँ एक कौशल विकास केंद्र खोला जाए, जहाँ डिजिटल मार्केटिंग, रोबोटिक्स,और नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा सके ताकि प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिले । मेरा अनुरोध है कि फूलपुर और फाफामऊ की इस युवा शक्ति को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु इन संस्थानों की स्थापना की जाये ।